हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 19 सितंबर 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. : 7 MIDDLE LEFT

इंटर्नशिप में सुलझाई गईं विज्ञान की गुत्थियां

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालाजी में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विज्ञान कैम्प इन्सपायर इन्टर्नशिप के तीसरे दिन लेक्चर हुए।

प्रो. संतोष कुमार ने अपने लेक्चर को गणित, जीव-विज्ञान, भौतिकी एवं रसायन का सन्दर्भ देते हुये शोध के विभिन्न क्षेत्रों, उदाहरण स्वरूप पैट्रोलॉजी, मिनरोलॉजी, जीयोलॉजी, जियोभौतिकी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पृथ्वी की विभिन्न पर्तों के बारे में बताया एवं पृथ्वी में पाये जाने वाले खनिज पदार्थों के महत्व के पर विचार व्यक्त किये। मेन्टर डा. जीएस सोधी थे। यह रसायन विभाग, फारेंसिक साइंस यूनिट, एसजीटीबी खालसा कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। इनके 70 शोध पत्र एवं 9 भारतीय फिंगर प्रिन्ट पर पेटेन्ट प्रकाशित हो चुके हैं। आशीष अग्रवाल, सचिन अग्रवाल मौजूद थे।